श्रीमती सरला माहेश्वरी : उपसभाध्यक्ष जी, अभी महिलाओं का तो कोई पक्ष आया ही नहीं है और सारे बजट पर चर्चा हो गयी, लेकिन महिलाएं नदारद हैं जैसे कि अर्थ-व्यवस्था से उनका कोई लेना-देना ही नहीं है।

उपसभाध्यक्ष (श्री रघु शंकर कौशिक): मैंने आप से निवेदन किया कि यह बात सही है कि बजट पर चर्चा अधूरी रही है। इसके लिए जितना समय निर्धारित किया गया था, समय उतना ही लगा लेकिन फिर भी कई माननीय सदस्य अपनी बात कहने से रह गए। अभी विनियोग विधेयक आ रहे हैं, आप इस संबंध में अपने विचार उसके ऊपर रखिए और फिर मंत्री जी उसका जवाब देंगे।

THE APPROPRIATION (VOTE ON ACCOUNT) BILL, 2002

THE APPROPRIATION BILL, 2002 AND

THE APPROPRIATION (NO.2) BILL, 2002

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI YASHWANT SINHA): Sir, I beg to move:

> That the Bill to provide for the withdrawal of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of a part of the financial year 2002-2003, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration.

Sir, I also move:

> That the Bill to authorize payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2001-2002, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration.

Sir, I also beg to move:

> That the Bill to provide for the authorization of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spent on certain services during the financial year ended on the 31st day of March, 1999, in excess of the amounts granted for those services and for that year, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration.

The questions were proposed.

SHRI EDUARDO FALEIRO (Goa): Sir, I have to raise a point that the Assembly of the State which I represent in this House, the State of Goa, has been dissolved about a month ago. The Budget was to be passed by the Assembly this month. Now, there is no money. When the State Assembly is dissolved, the responsibility shifts to the Parliament. It is for the Government of India to move the Parliament so that funds are made available to the State. Now, this is a very serious situation. I would like to know how the Finance Minister and the Government of India intend to deal with the situation.

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अब आपको कुछ और तो नहीं बोलना।

श्री एडुआर्डो फेलेरियो : जी नहीं, सर।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक): ठीक है, इसका जवाब मंत्री जी बाद में अपने भाषण में दे देंगे।

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (Kerala): Sir, I wanted to participate in the discussion on the Budget. Though that opportunity was denied, I would like to say one or two points, as far as the Appropriation Bills are concerned. The hon. Finance Minister has moved this Bill, as a part of the policies in the General Budget. But the Budget itself is lacking vision. The country is facing an economic crisis because of lack of vision and a positive approach. There was no economic growth as was expected or anticipated. The growth rate of the GDP and all other things have come down. There is a decline in the industrial growth. There is a steep decline in the growth rate, as far as the country is concerned. All this shows that the last Budget presented before the Parliament lacked vision.

I would like to say one or two points regarding customs duty and excise duty in this year's Budget. The peak rate of customs duty has been reduced from 35 per cent to 30 per cent. It was declared in the Budget Speech that by the year 2003-2004, they will be reduced to 20 per cent and 10 per cent respectively. If that be the case, the customs duty and the excise duty are going to be 20 per cent and 10 per cent respectively, definitely, that will be a curse to the Indian indigenous industry. I can cite a very specific example. We have submitted memorandum to the hon. Finance Minister, as far as the titanium industry is concerned. Now, titanium industry is absolutely a public sector industry. KMML and Travancore Titanium Products are two public sector undertakings earning a profit of Rs.200 crores per year. In 1995, the import duty on titanium dioxide was 135 per cent. It was reduced to 35 per cent. Now, in this

4.00 P.M.

Budget it has been reduced to 30 per cent. I urge upon the Finance Minister to look into this matter. If the customs duty on titanium dioxide is reduced further, it will kill the titanium industry, and it will be opened to the global forces, with the result this industry will be killed. This is my first point.

Regarding excise duty, by way of excise duty more than Rs.6,000 crores additional duty has been imposed. There is no demand now in the market. It is a sluggish market, as far as the demand is concerned. You are imposing an excise duty of more than Rs.6,000 crores. If the import duty and the customs duty are reduced and the excise duty is enhanced, the market will face more crisis and the demand will be low. We can expect that in the light of the Budget proposals. I would like to have a clarification from the hon. Finance Minister on this.

Regarding resource mobilisation, nothing has been spelt out in this Budget. The recent findings of the Expert Committee is that 40 per cent of the GDP is unaccounted black money. No concrete steps or proposals are suggested to unearth a substantial portion of this black money. No effective steps are taken to reduce the NPA. In such a case, the additional burden imposed on kerosene, LPG, fertilizers, etc., cannot be justified in any way. I would like to say a particular thing regarding the workers and the employees.

It is a welcome step which the Government has taken.. The Government has removed the ban on the LTC for the workers of public sector undertakings. But the ban on the LTC has been removed only in those establishments where wage revision took place in the years 1991 and 1997. This ban has not been lifted in those public sector undertakings where wage revision has not taken place. I urge upon the Government to lift the ban on the LTC. I would also urge upon the Finance Minister to look into the matter of LTC for Central Government employees. It is a benefit which was being given for the last so many decades. Even when the country was faced with a severe economic crisis in the year 1972-73, this benefit was still being given. The lifting of ban on the LTC would boost the domestic tourism industry and would develop national integration. Sir, there are two types of LTCs. One can be availed of once in two years and the second can be availed of once in four years. That benefit has also been taken away. If an employee working in Delhi wants to go to his home town,

he could avail of this benefit once in two years and the other benefit could be availed of once in four years. Both these benefits have been taken away. The amount involved is only Rs.100 crores. But where will this amount go? The employees who avail of the LTC either go by train or by air. Ultimately, the amount is coming back to the exchequer or to the Government itself. I think the Tourism Ministry has also sent a proposal to the Finance Ministry for lifting the ban on the LTC which was being enjoyed by the Central Government employees and by the workers of the public sector undertakings. It is going to help the nation by way of national integration. Mutual exchange of ideas and all other things would start again and the domestic tourism would be promoted. With these words, I oppose the Budget proposals which have been brought before the House. Thank you.

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) : उपसभाध्यक्ष महोदय, पता नहीं वित्त मंत्री जी मुझे किस नज़र से देख रहे हैं, मुझे पसंद नहीं आ रहा ।

श्री यशवंत सिन्हा : एक ही नज़र है, उसी से देख रहा हूं।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : मुझे लगता है कि मैं बोलने के लिए खड़ी हुई हूं तो इन्हें लग रहा है कि मैं अगर न बोलूं तो अच्छा है, लेकिन मैं फिर भी बोलना चाहूंगी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान विशेष रूप से सिर्फ एक नागरिक की हैसियत से नहीं, बल्कि एक स्त्री होने के नाते आकर्षित करना चाहती हूं क्योंकि इस दृष्टिकोण से अभी तक चर्चा नहीं हुई है, चाहे वह ऐप्रोप्रिएशन बिल हो या सामान्य बजट हो और मैं इसी दृष्टिकोण से आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी। मैं समझ रही हूं कि मैं जब इस बात को कह रही हूं तो अगर आप इसका मतलब समझना चाहें तो इसका मतलब बहुत गहरा है और न समझना चाहें तो इसका मतलब शून्य है, जो कि हम औरतों को अक्सर नसीब होता है।

उपसभाध्यक्ष जी, यह हकीकत है कि हमारे देश के संविधान में स्त्री-पुरुष की समानता की बात कही गई है और जिस समानता की बात हम करते हैं उस समानता की कुंजी वित्त मंत्री जी आपके हाथ में है। लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आपकी वह वित्त की कुंजी भी हम महिलाओं की मुक्ति के द्वार नहीं खोल रही और इसलिए मैं आपसे यह अपेक्षा करती हूं, आशा करती हूं कि आप महिलाओं के प्रति ज्यादा संवेदनशील हों। अगर आप इस बात को समझें कि समाज की मुक्ति का रास्ता स्त्री से होकर गुजरता है और इस बात को अगर आप समझेंगे तो आप महिलाओं के प्रति ज्यादा संवेदनशील होंगे और महिलाओं के प्रति संवेदनशील होकर आप स्वयं अपने प्रति और समाज के प्रति संवेदनशील होंगे। इसलिए मैं आपको सिर्फ अपने प्रति पक्षधर होने के लिए कहकर आपकी मुक्ति का रास्ता भी खोल रही हूं। यह सिर्फ हमारी मुक्ति का रास्ता नहीं है, पूरे समाज की मुक्ति का रास्ता है, आपकी मुक्ति का भी रास्ता है क्योंकि पुरुष भी तभी मुक्त होंगे जब स्त्रियां मुक्त होंगी। इसलिए हमारी मुक्ति के साथ आपकी मुक्ति भी जुड़ी हुई है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, औरतें हमारी अर्थ नीति का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अगर अर्थ नीति में दुनियाभर में उनके योगदान को देखें तो जो आंकड़े हमारे पास आते हैं, उन आंकड़ों की चर्चा मैं अभी नहीं करना चाहूंगी क्योंकि उससे वित्त मंत्री जी बोझिल हो जाएंगे और मैं उनको बोझिल नहीं करना चाहती। लेकिन इतना जरूर कहना चाहूंगी कि इतिहास इस बात का गवाह है कि सभ्यता की शुरूआत जब से हुई, सुषमा जी देख रही हैं, वे जानती हैं कि मातृसत्तात्मक व्यवस्था क्या थी और आज हम कहां हैं। उस मातृसत्तात्मक व्यवस्था के अवसान के बाद जो हमारे शोषण की कहानी शुरू हुई, वह यहां पर आकर भी खत्म नहीं हुई। मैं वित्त मंत्री जी आपसे यह कहना चाहूंगी कि आप आज अपने बजट के आबंटनों को देखें तो आप पाएंगे कि जहां तक महिला कल्याणकारी योजनाएं हैं उनमें महिलाओं के लिए विशेष आबंटन की जरूरत है लेकिन उस मामले में आप बहुत ही अनुदार रहे हैं। यह महिला संगठनों का ही दबाव था जिस की वजह से छठी पंचवर्षीय योजना से इस बात पर गौर किया गया कि महिलाओं के लिए विशेष रूप से योजनाएं बनाई जाएं, उसमें महिलाओं के लिए विशेष आबंटन की व्यवस्था की जाए। लेकिन मैं थोड़े से आंकड़े देना चाहूंगी कि 1998-99 में महिलाओं के लिए जो आरक्षण था वह 1.02 फीसदी से 1999-2000 में 0.94 फीसदी और 2001 तथा 2002 में यह घटकर 0.87 हो गया। महिला सशक्तीकरण वर्ष में कार्यक्रम के लिए 19.89 करोड़ रुपया आबंटित किया गया और सिर्फ समारोह पर खर्च कर दिया गया। वित्त मंत्री जी आप बजट से पहले तमाम ग्रुपों से बातें करते हैं, विभिन्न इण्डस्ट्रीज के ग्रुप से या अन्य ग्रुपों से बातें करते हैं। लेकिन जब महिला संगठन आपसे कहते हैं कि हमारी राय जानिए, हमारी बात सुनिए कि बजट के बारे में हमारा नजरिया क्या है, हमारा दृष्टिकोण क्या है, तो वित्त मंत्री जी मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आपके पास महिलाओं के लिए समय होता ही नहीं है।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : वैसे यह आप पहले बोल चुकी हैं।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : मैं माननीय वित्त मंत्री जी का, महिलाओं के लिए माइक्रो क्रेडिट योजना की तरफ ध्यान दिलाना चाहती हूं। नवीं पंचवर्षीय योजना में 50 हजार सेल्फ हैल्प ग्रुप का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन अब तक सिर्फ 37 हजार सेल्फ हैल्प ग्रुप बनाए गए हैं और उसके तहत 8 लाख महिलाओं को ही लाभ दिया गया है जो कि बहुत ही मामूली है। यह माइक्रो क्रेडिट की सुविधा कम से कम 15 करोड़ महिलाओं को मिले तो पता चलेगा कि समाज में कुछ असर हो रहा है, कुछ परिवर्तन हो रहा है, नहीं तो आप ऊंट के मुंह में जीरा की तरह कुछ नहीं करते, केवल हमको दिखाने के लिए एक राशि रख देते हैं। वित्त मंत्री जी, बंगला देश का अनुभव हमारे सामने है। वहां पर किस तरह क्रेडिट योजनाओं के जरिए, ऋण योजनाओं के जरिए कितना बड़ा नेटवर्क तैयार किया गया और किस तरह उसने इस नेटवर्क में बंगलादेश के ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को आत्म-निर्भर बनाने में, गरीब परिवारों को आत्म-निर्भर बनाने में बड़ी भूमिका अदा की है। उससे हमें सीखना चाहिए और आज पूरा विश्व इस ओर देख रहा है।

उपसभाध्यक्ष जी, बाल सेवा विस्तार के बारे में मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहूंगी कि हमारे देश में अभी तक क्रेचेज की संख्या, शिशु पालना गृह की संख्या सिर्फ 15 हजार है जबकि 75 फीसदी बच्चे इस सुविधा से वंचित हैं। तो इस पर आप बिल्कुल पैसा खर्च नहीं कर रहे हैं। सुषमा जी यहां पर बैठी हुई हैं इसलिए मैं और ज्यादा महिलाओं के विषय में बात करना चाहूंगी। हमारी जो ताजा जनगणना आई है उससे पता चलता है कि जीरो से छः वर्ष तक की जो बालिकाएं हैं उनका अनुपात लगातार घटता जा रहा है। तो यह घटता हुआ अनुपात हमारी चिंता

का विषय होना चाहिए। लेकिन मैं देखती हूं कि यह चिंता का विषय नहीं बन पा रहा है। अगर यह चिंता का विषय होता तो बालिकाओं के लिए विशेष आबंटन की व्यवस्था की जाती जो कि नहीं की गई है।

उपसभाध्यक्ष जी, इसी तरह असंगठित क्षेत्र में महिलाओं का सबसे बड़ा हिस्सा काम करता है। ऐसे क्षेत्रों में जहां महिलाओं के लिए कोई सुविधा नहीं, कोई कानून नहीं, कुछ भी नहीं है, जब चाहा उन्हें काम पर ले लिया और जब चाहा उन्हें काम से निकाल दिया। अब तो आप ठेके की नीति पर चल रहे हैं। तो जो महिला मजदूर असंगठित क्षेत्रों में हैं उनकी जिंदगी और ज्यादा खतरे में हो गई है। इसलिए मैं आपसे निवेदन करूंगी कि असंगठित क्षेत्र की महिलाओं की ओर आप विशेष ध्यान दें। आपने महिलाओं को देने के नाम पर एक चीज पर ज्यादा जोर दिया है, वह है परिवार नियोजन। चूंकि परिवार नियोजन पर विदेशों की एजेंसीज से आपके पास पैसा आ रहा है इसलिए आप परिवार नियोजन पर ज्यादा पैसा दे रहे हैं। मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगी कि हमारे समाज में जो वृद्ध महिलाएं हैं, जो बच्चे हैं उनके सर्वांगीण विकास के लिए योजनाएं बनाइए। वृद्ध महिलाओं के लिए, बूढ़ी महिलाओं के लिए, असंगठित क्षेत्रों में जो काम करती हैं उन महिलाओं के लिए आप एक समग्र योजना बनाइए।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं एक और मुद्दा उठाना चाहूंगी। परसों टी.वी. पर रिजर्व बैंक के गवर्नर कह रहे थे कि ब्याज की दर में और ज्यादा गिरावट हो। हम सभी देख रहे हैं कि ब्याज की दरों में गिरावट होने के चलते जो आम आदमी है, जो मध्यम वर्ग का आदमी है उनकी सेविंग्स में लगातार गिरावट आती जा रही है। तो इस संबंध में मैं भी मैं वित्त मंत्री जी से आश्वासन चाहूंगी। मैं एक और प्रस्ताव देना चाहूंगी जो बहुत ही जरूरी है, और यह डाक खर्च के बारे में है। साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में एक ओर तो हमारा मानव संसाधन मंत्रालय काम कर रहा है। अब आप चाह रहे हैं कि साहित्य और संस्कृति खत्म हो जाए, शिक्षा का क्षेत्र खत्म हो जाए। अत: शिक्षा की किताबों पर डाक की जो दरें बजट में बढ़ाई हैं मैं उनका सख्त विरोध करती हूं।वित्त मंत्री जी मैं आपको यह बताना चाहती हूं कि आपने अपने बजट प्रस्तावों में किस तरह से तुगलकी प्रस्ताव रखा है। पहली बार इसमें वजन के अनुसार नहीं, बल्कि किताब की कीमत के अनुसार डाक खर्च को तय किया गया है। एक रुपये से पचास रुपये की कीमत की किताब पर प्रति सौ ग्राम के लिए एक रुपया डाक खर्च रखा गया है और पचास रुपये से दो सौ पचास रुपये की किताब के लिए डाक खर्च दो रुपये प्रति सौ ग्राम कर दिया गया है। इससे अधिक कीमत की किताबों के लिए आठ रुपये प्रति सौ ग्राम का प्रस्ताव किया गया है।

उपसभाध्यक्ष जी, यह प्रस्ताव इसलिए तुगलकी है क्योंकि यह बिल्कुल अप्रासंगिक है। डाकघर के कर्मचारियों के पास हर दिन हजारों की संख्या में पैकेट आयेंगे, उन पैकेट को खोलना और फिर यह देखना कि इसमें कितनी मूल्य की किताब है, बड़ा मुश्किल होगा। पता नहीं इतना तुगलकी प्रस्ताव वित्त मंत्री जी कहां से लेकर आये हैं। अगर आप किताबों के दाम देखें, जो बच्चे दसवीं, बारहवीं क्लास में पढ़ते हैं, उनकी किताबों के दाम बहुत अधिक हैं। क्या उनका मूल्य वित्त मंत्री जी ने देखा है? हर किताब का दाम ढाई सौ रुपये से ऊपर है इसलिए उन पर ज्यादा डाकखर्च लगेगा। इसकी वजह से बच्चों को किताबें खरीदने में असुविधा होगी। इसीलिए मैं वित्त मंत्री जी से अनुरोध करूंगी कि आप अपने इन बजट प्रस्तावों को वापस ले लें। मैं चाहूंगी कि आप अर्थ-नीति में महिलाओं के प्रति ज्यादा संवेदनशील बनें, तभी आप समाज को आगे बढ़ा सकेंगे।

आपकी जो वैश्वीकरण और उदारीकरण की नीतियां हैं, वह हमारे देश की अर्थ नीति को विपरीत दिशा में ले जा रही हैं। मैं आपसे पुन: निवेदन करूंगी कि आप इस पर पुनर्विचार करें। धन्यवाद।

श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आपने किताबों पर जो ड्यूटी लगाई है, जिसके बारे में अभी सरला जी ने कहा है, इसका परिणाम यह निकलेगा कि किताबें अच्छे कागज पर छपना बंद हो जायेंगी, मोटे कागज पर छपना बंद हो जायेंगी। उनके वजन बढ़ जायेंगे और उनकी कीमतें बढ़ जायेंगी। या फिर वह बहुत ही रद्दी कागज पर छपकर आयेंगी। एक स्थिति ऐसी आ जायेगी कि पचास रुपये की कीमत पर सौ रुपये की डाक टिकट लगानी पड़ेगी। इसके बारे में वित्त मंत्री जी आपको पुनर्विचार करना चाहिए। धन्यवाद।

SHRI S.S.CHANDRAN (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to speak on the General Budget for year 2002-2003 on behalf of AIADMK. At the outset I would like to say that this budget has disappointed people belonging to different walks of life. The middle class, the poor, the farmers people in small and cottage industries, the labour class and the salaried class; all of them expected something from the budget. Women were hoping for a better deal for them. They were thinking that the Finance Minister would bring down price rise. But he has increased the price of LPG cylinders and dashed their hopes. Throughout the country, even in rural areas, majority people use LPG cylinders for cooking because firewood has become scanty. With the final hike of 20 rupees per cylinder, even cooking has become difficult. I can say that the Finance Minister has become unpopular among women. The Minister said that when his wife complained about the hike on LPG cylinder, he explained the inevitability and convinced her. I also tried to convince my wife. But she said, 'When you were an actor, the price was low. After becoming an M.P. you have increased the price. Now forget your food.' This is the situation in my house. Even getting a cup of coffee has become difficult. After the House adjourns today I don't know whether to go home or stay back here only. When I met the women folk in Tamil Naidu, I realized the kind of disappointment they were subjected to.

Sir, not only the people, even the State Governments are disappointed. The allocation for Tamilnadu is put at Rs. 3222 crores. But this is not sufficient. Tamilnadu is facing financial crisis. I do not want to go into the details as to who is responsible for this financial crisis. My revered leader and the Hon'ble Chief Minister of Tamilnadu Dr. Puratchi Thalaivi Amma has been demanding allocation of the entire amount

* English translation of the original speech delivered in Tamil.

collected through small savings to the respective State Government. But the rate of interest on these savings has been reduced. This will result in reduction in fund mobilization through savings. Ultimately the state Governments will suffer. Therefore I would like to know how the Hon'ble Finance Minister is going to compensate this loss to the states.

Various schemes have been announced in the budget. There is Loknayak Jayaprakash Employment Guarantee Scheme and yet another Rural Employment Generation Scheme at the cost of Rs. 4450 crores. At the same time the budget also refers to retiring 12,200 Central Government employees by the end of March, that is this month itself. Only a few days are left. *(time -bell).*

Sir, please give me five more minutes. I have been waiting for six days to speak on this budget. I have taken only six minutes. The Government increases the price of cooking gas at its will. So, please be considerate to me.

Sir, I was referring to employment generation schemes. Though retirement is done quickly I don't know when the employment generation schemes are going to be implemented. I hope the implementation of these schemes will be expedited. For giving free education to children up to 14 years of age, 1600 crore rupees are allocated. So also, for education and women and child development, 9255 crore rupees are allocated. But this amount is not evenly allocated for implementing schemes in the states. For example, Navodaya schools are set up in every district all over India. But not a single Navodaya school is set up in Tamilnadu. During the period 1991-96, my respected leader Dr. Puratchi Thalaivi Amma as the Chief Minister of Tamilnadu made it clear to the Centre that Navodaya schools could be set up in Tamilnadu only under two-language formula without Hindi. But the centre did not set up Navodaya schools in Tamilnadu saying that Navodaya schools could be set up only with Hindi as compulsory subject. The right to education to the students of Tamilnadu has been denied because we opposed imposition of Hindi. It is regrettable and condemnable. We are not opposed to Hindi as a language, we are also not opposed to any one studying Hindi. We are only against imposing it on us. My leader Amma is a polyglot and knows English, Tamil, Telugu, Kannada, Hindi and French. No one compelled my leader; she learnt it out of her sweet will. Even here, the Deputy leader of our AIADMK in this House, Dr. Maitreyan made his maiden speech in Hindi. No one here asked him to speak in Hindi. He knows Hindi and he speaks Hindi out of choice.

Learning a language is different from imposing it. So, I appeal to the Government to set up Navodaya Schools in Tamilnadu under two-language formula without Hindi.

Mr. Vice Chairman, Sir, I wish to refer to a scheme pertaining to Kerala in public interest. The Defence Minister Mr. George Fernandes laid the foundation for setting up a port at Ezmala, in the north Kerala. But so far nothing much has been done. I say this as a citizen of this country. Because it takes decades to complete a scheme in our country. From our late lamented leader Dr. Anna to my leader Amma, they all demanded implementation of Sethusamuthiram project on the floor of this very House. Now I am making this demand once again. So for you have allocated only 4 crore rupees for feasibility study. At this rate, I think my grandson too, may be making the some demand on the floor of this House in the future. Such is the speed of the Government we do not know when we will get Sethusamuthiram canal project.

I feel it my duty to refer to an issue of national concern. Cauvery water dispute remains unsolved top this day. Karnataka refuses Tamilnadu its due share of water. In the future Old Delhi may refuse to give water to New Delhi. Even Lok Sabha may refuse water to Rajya Sabha. I am trying to impress upon the need to be accommodative. This is very essential in democracy.

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक): कृपया समाप्त करें।

SHRI S.S.CHANDRAN: I am just concluding, Sir. The Hon. Finance Minister has allocated 2 crore rupees for reviving the Hindustan Photo Film Industry at Ooty in Tamil Nadu. I welcome this and thank him for that. I am not one to find fault with everything the Finance Minister does. But I request him to allocate more fund since 2 crore rupees is not sufficient to revive that industry. I request the Hon'ble Information and Broadcasting Minister sitting next to the Finance Minister to recommend this case. On seeing the Information and Broadcasting Minister, I am reminded of cinema industry. No one should underestimate cinema industry. During the Kargil conflict, it was the cinema industry that contributed more for the security of the nation. Even during the recent elections, all the political parties had actors and actresses campaigning for them. Today, while bidding farewell for the retiring Members, at times there were peels of laughter and when emotionally charged Smt. Jayaprada spoke some were in tears. She is also from cinema industry.

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक): आप कृपा करके बैठ जाए।

SHRI S. S. CHANDRAN: Sir, I will conclude in three minutes. Because the Hon'ble Minister for Information and Broadcasting is here, I want to make use of this occasion, like getting two mangoes in one throw. There are Censor Boards in the States. Each functions in its own way. For example, the scenes allowed by the Karnataka Censor Board is censored in Mumbai and Chennai Board censors what is allowed in Mumbai. This situation creates difficulties. What one Board allows should not be censored by the other. Though he is not acting any more, the Hon'ble Member, Mr. Cho of Thuglak weekly knows the problem. I hope the Information and Broadcasting Minister will look into this.

I have a word about the area of health. I am happy that the price of necessary, life saving medicines such as insulin has been reduced. The Government should make these medicines available in rural areas at an affordable price. The Government should also help farmers who sweet out in the field to produce more for the nation. Just one last point. You have been talking about construction of causeway between Sri Lanka and India. I don't know whether this will happen. Because there is a level crossing between Tindivanam and Villupuram in Tamil Nadu. The Hon'ble Minister Shri Ginjee Ramachandran who is sitting behind the Finance Minister knows this. It is in his own constituency. The road is closed whenever train passes and the trains pass very often. Such projects need urgent attention. Before I conclude I request you to permit me to speak early in future so that I get my full time. Thank you

श्री नागेन्द्र नाथ ओझा (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं दो तीन बिन्दुओं पर ही अपनी बातें रखना चाहता हूं। मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप तो गागर में सागर भर देते हैं।

श्री नागेन्द्र नाथ ओझा : गागर में सागर रहेगा। 'वर्ष 2002-2003 बजट की मुख्य विशेषताएं' जो एक पत्र जारी किया गया है, उसके पहले पृष्ठ पर एक सूक्ति के रूप में उक्ति दर्ज है, "यह सुधार प्रक्रिया को समेकित, व्यापक और सुदृढ़ बनाने का बजट है।" मैं मानता हूं कि इस दिशा में यह बजट है क्योंकि जो आर्थिक नीतियां कांग्रेस ने 1992 में शुरू की और आप उसको आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं, उस दिशा में यह बजट है। मैं आपकी इस उक्ति और सूक्ति का समर्थन करता हूं, इस रूप में कि यह सत्य है। दूसरा है, "यह विकास के प्रति समर्पित बजट है।" मैं यह नहीं मानता कि विकास के प्रति यह समर्पित बजट है। मैं मानता हूं कि विश्व बैंक, विश्व मुद्रा कोष और डब्ल्यू.टी.ओ. के सामने झुकने की व्यवस्था का बजट है। तीसरी पंक्ति है कि यह भारत के लोगों के बेहतर भविष्य के लिए राज्यों के साथ भागीदारी को बढ़ावा देने वाला बजट है। यह भागीदारी को बढ़ावा देने वाला बजट हो सकता है लेकिन भारत के लोगों के

भविष्य को बेहतर बनाने वाला नहीं है क्योंकि भारत के लोग आखिर खुद आपकी इन नीतियों पर शंका कर रहे हैं। दूसरा बिंदु मेरा यह है कि बजट भाषण में माननीय वित्त मंत्री महोदय ने जब कहा है कि हरित क्रांति और श्वेत क्रांति की भारी सफलता के बाद देश अब कृषि विविधीकरण और खाद्य प्रसंस्करण की तीसरी क्रांति के लिए तैयार है। अगर यह बात न कही गयी होती तो मैं बोलने के लिए बाध्य भी नहीं होता। लेकिन यह एक बहुत ही सैद्धांतिक बहस को आमंत्रित करता है जिसके लिए अभी तो समय नहीं है लेकिन मैं टिप्पणी अवश्य कर सकता हूं। मैं मानता हूं कि हरित क्रांति के बाद, श्वेत क्रांति के बाद, अब देश के कृषक अपने को आजाद करने के लिए एक दूसरी क्रांति की जरूरत समझते हैं और आप तीसरी क्रांति के लिए कह रहे हैं कि खाद्य प्रसंस्करण और कृषि विविधीकरण के लिए तैयार हैं। मैं मानता हूं कि जो हरित क्रांति की नीति अपनायी गयी है उसके नाम पर जो कृषि विकास का कार्य हुआ है उसने अवश्य ही हमारे देश के कृषि उत्पादन को बढ़ाया है, कामर्शियल क्राप का उत्पादन बढ़ाया और अन्न का उत्पादन भी बढ़ाया जिसको रखने के लिए हमारे पास जगह नहीं है। लेकिन माननीय उपसभाध्यक्ष जी, जब से हरित क्रांति की नीति अपनायी गयी, उस समय जब हमारे देश के अंदर 3 या 4 करोड़ खेत मजदूरों की संख्या थी, आज जब हम तीसरी क्रांति की बात कर रहे हैं और हरित क्रांति की सफलता का राग अलाप रहे हैं, उस समय हमारे देश में लगभग 10 करोड़ खेत मजदूर हैं। कृषि क्षेत्र में हमने जो नीति अपनायी उस नीति की बदौलत हमारे कृषि के क्षेत्र में सर्वहाराकरण हुआ है, पॉपराइजेशन बढ़ा है और जो लैंड ओनिंग कल्टीवेटर थे, वे अपनी जमीन से हाथ धो बैठे हैं तथा खेत मजदूरों के रूप में तब्दील हो गए हैं। जिसके लिए आज सार्वजनिक सम्पत्ति से उनके राहत और कल्याण के नाम पर, उनको जिंदा रखने के लिए रोजगार और मुफ्त भोजन देने की कई योजनाएं चला रहे हैं, यह कृषि विकास के नाम पर, कृषि के क्षेत्र में एक कलंक है और इसलिए हम नहीं कह सकते हैं कि हरित क्रांति की जो हमने नीति अपनायी, मात्र फसल की पैदावार बढ़ जाने से वह क्रांति सफल हुई है जबकि हमारे देश के अंदर अभी भी कृषि के क्षेत्र में सर्वाधिक गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले वे लोग हैं, जो कृषि में अपनी मेहनत लगाते हैं और उन्हें अपनी मेहनत का दाम भी नहीं मिलता। 1967 में श्री मोरारजी देसाई जी ने, जो उस समय शायद वित्त मंत्री थे, कहा था कि हमारे देश के धनी किसान तोले में नहीं, किलो में सोना खरीद रहे हैं। लेकिन उस समय से ही आज की स्थिति को ले लीजिए तो किसानों की उत्पाद की जो कीमत हो गयी है, उन्हें अन्न की जो कीमत मिल रही है और कृषि के क्षेत्र में चाहे वह रबड़ हो, कोकोनट हो, सरसों का तेल हो या तिलहन, दलहन हो, इनकी जो कीमतें मिल रही हैं, मैं कह सकता हूं कि आज उनके जमाने में जिन्होंने तोले में नहीं किलो में सोना खरीदा था, वे आज सोना बेचकर अपने घर और परिवार को चलाने पर मजबूर हैं। जो धनी किसान बन गए थे हरित क्रांति के दौरान, इस स्थिति में उनकी यह मुसीबत है। तो जो भूमिहीन हैं, मार्जिनल फारमर्स हैं वे दुर्दिन की अवस्था में पहुंच गए हैं। जब हम हरित क्रांति की सफलता की बात करते हैं तो चाहे कोई स्टैंडिंग कमेटी हो, चाहे वह फूड और कंज्यूमर से संबंधित डिपार्टमेंट की हो, चाहे दूसरी कृषि से संबंधित है, आज उनकी रिपोर्ट आप देखिए। इस मामले में जो भी आपकी नीति है, जिसे आप कहते हैं प्रोक्योरमेंट की नीति, अनाज खरीदने की नीति - उन्होंने आलोचना की है कि दो-तीन राज्यों से ही आप अनाज खरीदते हैं। वे आपका मूल्य तय करते हैं और उसी मूल्य पर लेते हैं। उन्होंने आलोचना की है कि दूसरे राज्यों के साथ इस मामले में भेदभाव हो रहा है। इसका मतलब है कि फूड प्रोक्योरमेंट की आपकी कोई पालिसी नहीं है जबकि आपके कथनानुसार हरित क्रांति सफल हुई है और तीसरी क्रांति के लिए देश तैयार है। आपने अपने बजट में कृषि

अनुसंधान के क्षेत्र में कुछ आवंटन बढ़ाने की बात की है, उसका प्रबंध आपने किया है। लेकिन उसी से संबंधित कॉग की रिपोर्ट 2002 में उसकी रिपोर्ट नं0 5 में कृषि अनुसंधान के मामले में जो उसकी टिप्पणी है उसको आप देखिए। उसमें 23 प्रोजैक्ट्स के बारे में बताया गया है कि 23 प्रोजैक्ट्स को कम्प्लीट प्रोजैक्ट्स के रूप में ट्रीट किया गया, जबकि उनके काम शुरू भी नहीं हुए थे या आधे में ही छोड़ दिए गए थे तो कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में आपका जो प्रबन्धन है, आपका जो एडमिनिस्ट्रेशन है, उस पर कॉग की जो तीखी टिप्पणी है उसको आप देखिए। आपको उसको सुधारने का काम करना चाहिए। आप वीआरएस की बात कर रहे हैं। आपका यह संकट हो सकता है कि मजदूरों को स्वैच्छिक रूप में आप मुक्त कराइये, लेकिन मुंबई के अंदर कुछ एनजीओज़ ने एक सर्वे कंडक्ट किया है, जहां हजारों की संख्या में कारखानें बंद हुए हैं या बड़े पैमाने पर जहां लोगों ने वीआरएस ली है। वीआरएस लेने वालों की फैमिलीज़ का उन्होंने अध्ययन किया है, जहां उनके पैथेटिक जीवन की चर्चा उनकी रिपोर्ट में की गई है और कई पत्र-पत्रिकाओं में उसकी रिपोर्ट छपी है। मैं समझता हूं कि आपका यह जो स्वैच्छिक वीआरएस है यह स्वैच्छिक कतई नहीं, बल्कि जबरन है। मैं वित्त मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि वीआरएस की आपकी मजबूरी है, विवशता है तो यह हो सकती है और आप इसको छोड़ेंगे भी नहीं, लेकिन उसका एक मानवीय पहलू यह है कि वीआरएस के बाद जो दूसरी जिन्दगी में अचानक जाने को लोग विवश होते हैं उसके पहले उनके पास जो यह स्किल है, टेलेंट है, उसके बारे में कोई योजना होनी चाहिए। इस योजना पर आपने कोई विचार नहीं किया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : कृपया समाप्त करें।

श्री नागेन्द्र नाथ ओझा : अंत में, महोदय, क्योंकि मैं कृषि क्षेत्र में ही काम करता आ रहा हूं, खास करके खेत मजदूरों के बीच में, इसलिए मैं इस तरफ आपका इशारा करना चाहूंगा कि पीछे जिस हरित क्रांति की आपने बात की है, आजादी के बाद से अब तक कृषि में जो विकास हुआ है, उसका एक परिणाम यह हुआ है कि ट्रैक्टर का इस्तेमाल बढ़ा है। अभी 22 प्रतिशत कृषि भूमि ट्रैक्टर से जोती जाती है और इस ट्रैक्टराइजेशन के चलते कृषि मजदूरों के बीच बेकारी बढ़ी है और वे बेकारी के शिकार हुए हैं। जो ये आपकी एग्ज़िस्टिंग योजनाएं हैं, चाहे जवाहर रोज़गार योजना कह लीजिए, नेहरू परिवार के नाम पर और योजनाओं का नामकरण कर लीजिए, नई योजना जयप्रकाश नारायण योजना कह लीजिए, कई नेताओं के नाम पर आप योजनाओं का नाम दे दीजिए, लेकिन जो आपका मंसूबा अभी दिख रहा है, उससे उनकी समस्या का हल होने वाला नहीं है। इसलिए जब आप कृषि में विकास की बात कर रहे हैं और जिस भावी ट्रेंड की बात कर रहे हैं तो हमेशा इस बात को ध्यान में रखिए कि मैकेनाइजेशन जो कृषि का हुआ है उसका परिणाम हमारी ग्रामीण आबादी के ऊपर क्या पड़ा है, बिना इसको ध्यान में रखे हुए कोई भी कृषि नीति जब आप अपनाते हैं और कृषि के क्षेत्र में जो विभिन्न आवंटन करते हैं, इस पर बिना ध्यान दिए हुए यह नहीं हो सकता। हम समझते हैं कि क्योंकि रिपोर्ट में ये बातें आई हैं कि पशुधन ग्रामीण क्षेत्र में, कृषि के क्षेत्र में कैसे बढ़ा है। ड्रॉट एनीमल्ज़ का इस्तेमाल जो कृषि में होता था उसका इस्तेमाल कैसे घटा है, ट्रैक्टर का इस्तेमाल कैसे बढ़ा है, कटनी और गवनी के क्षेत्र में कैसे बढ़ा है और इसने क्या परिणाम छोड़ा है, खास तौर से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं पर मैकेनाइजेशन का जो असर पड़ा है, आप उस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं उसके लिए विशेष योजना की जरूरत है। आप उनके लिए स्त्री सशक्तीकरण की योजनां चलाने की बात कर रहे हैं, आप चलाइये, उसका मैं स्वागत करता हूं, लेकिन मैकेनाइजेशन को कृषि में लाते हैं तो उनको जिस

तरह के रोजगार देने की जरूरत है, आपने बजट में इसको नजरअंदाज किया है और अगर कोई नई रोजगार योजना आप चालू कर रहे हैं तो उसमें इसका कतई ध्यान आप नहीं रख रहे हैं। इस तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : माननीय ओझा जी, कृपया आसन ग्रहण करें।

एक माननीय सदस्य : आप गागर में सागर भर रहे हैं।

श्री नागेन्द्र नाथ ओझा : अच्छा, हम भर लिए। अब मैं चुप्प हो जाता हूं। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : बहुत-बहुत धन्यवाद। माननीय ए. आर. किदवई।

DR. A.R. KIDWAI (Delhi): Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to start my speech with a quotation from the President's Address. I quote, "I join all of you in extending hearty congratulations to our kisans who have once again produced a bumper crop. The output of foodgrains is projected to touch a new high of 210 million tonnes in 2001-02, from 196 million tonnes last year. With production of 81 million tonnes of milk during 2000-01, India continues to be the world's largest producer of dairy products. We have also made impressive strides in many other areas of agricultural production."

While the average growth rate during the current year is projected to be 5.4 per cent, the contribution of the agricultural sector is 5.7 per cent; the contribution of the services sector is 6.5 per cent; but the rate of growth of industry has gone down to 3.3 per cent. This is most disappointing. To say that the low industrial growth rate and production is because of the international recession is partly true, but not totally true. India is the second largest market of the world, and if there was enough purchasing power with our farmers, with our people, India could have maintained its industrial growth and development on the basis of its own market, but I am sorry to say that we have deprived the farmers, we have deprived the workers of their due wages, and, that is why, in spite of being such a large market, it is poor; it has no purchasing capacity; it cannot promote any development of industry. And, therefore, economic policies should be given due attention. The country cannot keep on growing by depriving agriculture or labour of their due wages, a living wage, from their due profit, which they should get. If the people are poor, if the farmers are poor, if the workers are poor, then the country, as a whole, is poor and can never advance. We were expecting that the multinationals and big industries would come to India because of our liberalised economic policies. They have not come;

and they will not come. Our strong point is that we are the second largest world market; but if the market is pauper, if it has no purchasing capacity, then how can the multinationals come? Therefore, I think, the economic policies require a serious relook. We have to see how we can enrich our people and increase their purchasing capacity. We have to improve their quality of life so that this rich potential can be utilised. Our agricultural production has doubled from 60 million tonnes to 120 million tonnes, in spite of the low productivity. The low productivity is because of the lack of infrastructure and because of the lack of inputs required for agriculture. Despite this, it is due to the hard labour and efforts of the farmers to improve their quality of life, that we have been able to achieve such a high production. So, we should utilise this capacity by providing them adequate infrastructure. I am glad that the Finance Minister, in this year's Budget, has given some emphasis and focus to agriculture, by reviewing the agricultural policies and by providing necessary funds. But, mere provision of funds does not help in the growth of agriculture or industry. We have been planning for a long time. Ever since the planning process began, we have planned in terms of money only, and set monetary targets. Money in the hands of the functionaries can be spent, but the objective will not be achieved unless -- there is also simultaneous, detailed, planning of the technology utilised and the procedural methods. So, the planning should be such that, without any difficulty, the funds can be properly utilised to increase production in right time and with necessary objectives. The planning process should consist of technological and monetary planning. That is why we have not been able to fulfil our targets set in our Five Year Plans, in our Annual Plans. We have not been able to fulfil our targets because of this difficulty. If we wish to make any progress in agriculture-I say this because of the focus--there should be a high-powered Commission set up to go into the technical details. Whatever money is available should be utilised to the best advantage to the development of agriculture.

Regarding the empowerment of farmers to improve their conditions, they do not need any subsidy if they are given their due prices, due returns, for their work, for their production. Take the example of fixing the support price. The support-price-fixing formula is an uneconomic formula. It does not include the full cost of production, leave aside the profit. If you go on doing, year after year, underpricing of the foodgrains, how can the farmer prosper? So, there should be right pricing so that the farmer gets some advantage. If the farmers get rich, the country becomes rich and gets the advantage.

On the credit policy, the Finance Minister has proposed to increase the credit flow from Rs.64,000 crores to Rs.75,000 crores. What is the use of increasing the credit flow if, out of the Rs.64,000 crore credit flow, the farmer gets the advantage to the extent of only 12 per cent? How is he going to get more benefits out of it? Agriculture cannot afford a 16-18 per cent rate of interest. That is why the NABARD was established, to provide cheaper loans for agriculture at five per cent for those indigent people or the people below the poverty line; at seven per cent for the development of poultry, dairy, animal husbandry, fishery, for employment; and a maximum of 9.5 per cent. But the NABARD has no mechanism of its own of channelising its funds to the farmer. The funds are channelised through the commercial banks, and the commercial banks are lending to agriculture at the same rates as to industry, that is, 16-18 per cent. Therefore, what is the use of the NABARD financing and the commercial banks refinancing? If the commercial banks lend the money at these high rates and earn on the money, finance, provided by the NABARD, if they earn 8-10 per cent for themselves, the banks get rich, but not the farmers. It is a subsidy to the banks and not to the farmers. Therefore, we should ensure that the finances provided to the farmers are cheaper, that the commercial banks charge only 1.5-2 per cent of the operational costs and not anything extra. If the commercial banks are not willing to do that, the credit cooperatives can be helped to do that; the farmers' cooperatives will be the ideal agency for financing. Financing the farmers through the commercial banks at such high rates does not help them.

Similar is the case of the fertiliser subsidy. I understand from the statement of the Agriculture Minister that Rs.10,000 crores is provided as subsidy to fertiliser factories, in the name of agriculture. Agriculture subsidy for fertilisers is given to the fertiliser industry, to the tune of Rs.10,000 crores a year! But some of them do not supply fertilisers at all in spite of accepting the subsidy. In the case of some of them who supply, the fertiliser supply, the urea supply, costs more than what it should. It is exploitation of the farmers. To use Rs.10,000 crores a year for the technologically deficient and inefficient fertiliser industry, in the name of promoting agriculture, is not fair. These factories should improve on their own and provide fertiliser at international prices and utilise the subsidy for further reducing the cost of fertiliser. Otherwise, to go on finacning, year after year, a huge amount to the inefficient industry is neither good for that industry nor for agriculture.

I had to say quite a lot of things. But, because of the shortage of time, I would just draw the attention of the Finance Minister to these finer problems. The money will be better utilised if you set up a Commission on the various aspects which you are going to finance, which require improvement. Only then will the money be properly utilised and will we get its worth. Agriculture is the primary produce of this country on which the industrial development depends--whether it is the textile industry or the jute industry or the sugar industry or any other industry. And, it will remain so for times to come. Therefore, if you want industrial development, if you want economic development, if you want the development of the banks, business and commerce, which are all dependent on this, you have to give prime importance to agriculture. Unless agriculture, the primary producer of goods, develops, unless the farmers, the persons, who constitute 70 per cent of the people, who depend on agriculture, prosper, the country cannot prosper; no industry can prosper; and no development can take place.

With these remarks, I hope there would be better utilisation, with the new focus of attention which the Finance Minister has proposed to give to agriculture.

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : माननीय श्री आर.एन. आर्य, श्री गांधी आज़ाद, श्री राजीव शुक्ल, ऐबसेंट।

कई माननीय सदस्यों ने यह बात रखी है कि जो हमारे वित्त संबंधी कार्य हैं, उन्हें आज हम लोग निबटा लें और कल चूंकि लोक सभा की बैठक भी नहीं है, कल हमारा हाऊस भी न हो। लेकिन जैसा आप जानते हैं कि कार्य मंत्रणा समिति में तो तय हुआ था कि शनिवार को हाऊस होगा, इसलिए मैं आप लोगों की राय जानना चाहता हूं। अगर आप इस राय से सहमत हों कि आज हम अपना वित्त संबंधी कार्य निबटा लें और उसके बाद जो बाकी कार्य आज का रह जाता है, वह और जो कल प्राइवेट मैम्बर्स बिजनेस के प्रस्ताव या संकल्प वगैरह हैं, उनको फिर आगे कभी ले लें। अगर आपकी राय हो तो ऐसा कर लिया जाए।

श्री शंकर राव चौधरी : उपसभाध्यक्ष जी, मैं पूछना चाहता हूं कि बार-बार प्राइवेट मैम्बर्स बिजनेस को टाला क्यों जा रहा है? मेरा प्राइवेट मैम्बर का बिल नहीं है, लेकिन मैं एक सांसद के नाते पूछना चाहता हूं कि पिछले हफ्ते जो प्राइवेट मैम्बर का बिजनेस था, उसे अगले हफ्ते यानी कल के लिए टाला गया और अब जो कल होने वाला था, वह प्राइवेट मैम्बर्स बिजनेस और आगे किया जा रहा है। यह तो मज़ाक की बात हो गई।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अब कल का तो कुछ ऐसा कारण है कि कुछ लोग घर भी जाना चाहते हैं और जैसी कि सूचना प्राप्त हुई है 26 तारीख को लोक सभा और राज्य सभा दोनों का संयुक्त अधिवेशन होने वाला है, लोगों को आने-जाने में परेशानी सी महसूस हो रही है, इसलिए यह मांग ज्यादा आई है। अब आप लोग अपनी राय बताएं।

कई माननीय सदस्य : ठीक है।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : तो ठीक है, कल छुट्टी रहेगी लेकिन आज हम अपने सारे वित्त के कार्य निबटा लेते हैं। हम यह भी स्मरण रखें कि जो हमारे साथी आज हमसे विदा ले रहे हैं, उनके लिए आज एक समारोह का भी आयोजन किया गया है, आप सबको और हम सभी को वहां रहना है, इसलिए थोड़ा जल्दी-जल्दी कार्य को निबटाना है। माननीया श्रीमती सरोज दुबे।

श्रीमती सरोज दुबे (बिहार) : उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि माननीय वित्त मंत्री जी बिहार के है लेकिन अक्सर बिहार के साथ वह न्याय नहीं कर पाते हैं। बिहार के विभाजन से पहले केन्द्र सरकार ने यह घोषणा की थी कि जब भी बिहार का विभाजन होगा तो एक लाख उनासी हजार करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज उनको देंगे। लेकिन पता नहीं, क्यों केन्द्र सरकार भूल गई और साथ-साथ वित्त मंत्री जी भी इसको भूल चुके हैं। इसलिए मैं उनको ध्यान दिलाना चाहती हूं कि आर्थिक पैकेज के अभाव में बिहार का विकास रुका हुआ है। बिहार आपका गृह प्रदेश है इसलिए बिहार के विकास मे आपका विशेष योगदान होना चाहिए। मेरी दूसरी बात यह है कि आपने देश भर के सभी प्रदेशों के जल प्रबंधन के बारे में कहा है, लेकिन बिहार का जल प्रबंधन एक गंभीर समस्या है क्योंकि बिहार में नेपाल से जो पानी आता है उसके कारण बिहार में बहुत जानमाल की और फसल की बरबादी होती है। इसलिए मेरा आपसे यह कहना है कि इस बारे में केन्द्र सरकार और नेपाल सरकार से बात करके वहां पर बड़े-बड़े पुल बनवाएं, बांध बनवाएं ताकि बिहार में हर बार जो जल भराव के कारण नुकसान होता है वह न होने पाए। तीसरी बात, मैं यह कहना चाहती हूं कि जो बहन सरला जी ने कहा, मैं भी महिलाओं के संबंध में माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं कि महिलाओं के लिए बजट में जो भी प्रावधान किया गया है वह ऊंट के मुंह में जीरा है। दलितों में दलित, पिछड़ों में पिछड़ी महिलाएं इतनी तकलीफ में हैं कि उनके बारे में कोई बयान करना मुश्किल है। बुनियादी सुविधाएं भी उनको उपलब्ध नहीं है। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि उनके लिए भी बुनियादी सुविधाओं के लिए आर्थिक प्रावधान करें। जब रात के अंधेरे में या शाम को इनकी गाड़ियां इस तरफ जाती होंगी तो ये महिलाएं हाथ में डिब्बा लिए हुए, रोशनी से बचती हुई, पंक्तिबद्ध होती साफ दिखाई दे सकती हैं। लेकिन क्या इनकी तरफ आपका ध्यान नहीं जाता? कितनी ही लज्जाजनक स्थिति में सब पीठ फेर कर खड़ी हो जाती हैं। ग्रामों में केवल दो प्रतिशत शौचालय की व्यवस्था है और स्नान घर की तो कहीं कोई व्यवस्था ही नहीं है। इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है, क्योंकि यह वर्ष महिला सशक्तीकरण वर्ष है, इसलिए आपको महिलाओं के लिए गांव-गांव में जितने स्लम हैं, वहां शौचालय, स्नान घर के लिए आपको अलग से बजट का प्रावधान करना चाहिए था। गांव-गांव में एक तरफ तो महिलाएं सरपंच बनकर बैठी हुई हैं, वहां अध्यक्षता कर रही हैं, योजनाएं बना रही हैं और दूसरी तरफ वे शाम के अंधेरे में या सुबह में हाथ में डिब्बा लिए अपने लिए जगह तलाश करती हुई घूमती हैं। यह बड़ी विडम्बना है, बड़ी ही हास्यास्पद स्थिति है। अत: इन बुनियादी सुविधाओं के बारे में आप एक बार विचार करें और इसके साथ ही साथ जो असंगठित महिलाएं हैं, जो खेतों में काम करती हैं, जो प्रवासी महिलाएं हैं, वह भी बड़ी तकलीफ में हैं। इनके पुनर्वास के बारे में आपको सोचना चाहिए। हमारे देश में बहुत वृद्ध महिलाएं हैं, परित्यक्ताएं हैं। जो वृद्ध हैं इनके लिए आपको अधिक से अधिक आश्रम या हॉस्टल की व्यवस्था करनी चाहिए। इनके

5.00 P.M.

रोजगार एवं पुनर्वास की व्यवस्था के लिए अलग से प्रावधान करना चाहिए। केवल महिला सशक्तीकरण वर्ष घोषित कर देने से महिलाओं का कोई कल्याण नहीं होता है, क्योंकि आरक्षण आप दे नहीं रहे हैं, आप उनके पुनर्वास की कोई व्यवस्था नहीं कर रहे हैं, बजट में भी इनके लिए अलग से कोई प्रावधान नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि महिला सशक्तीकरण वर्ष में महिलाओं को रोजी, रोटी तथा अपना परिवार पालने के लिए कम से कम पुरुषों के बराबर अगर सुविधा न दें तो कम से कम इतनी सुविधा तो दे दें ताकि वह अपना पेट भर सके, अपने बच्चों को पाल सकें और देश को अच्छे नागारिक दे सकें।

देश में महापुरुषों के नाम पर तमाम योजनाएं चली हैं। जैसे गांधी ग्राम योजना है, डा. अम्बेडकर योजना है, पता नहीं क्या-क्या योजनाएं हैं। मैं आपसे यह कहना चाहूंगी कि जिन महिलाओं ने त्याग किया है, आजादी की लड़ाई में भाग लिया है, उनके बारे में कहीं पर भी यह नहीं मिलता कि कहीं झांसी की रानी के नाम पर कोई कोई योजना बनी हो या कस्तूरबा गांधी या महात्मा फूलेबाई के नाम पर कोई योजना हो। इसलिए महिलाओं के नाम पर भी नई-नई योजनाएं बनाएं ताकि महिलाओं को भी इनका लाभ मिल सके और जिन महिलाओं ने देश के लिए त्याग और बलिदान दिया है उनका भी नाम इस विकास के रास्ते में एक प्रकाश पुंज का काम कर सके, यह मेरा आपसे अनुरोध है। यह महिला सशक्तीकरण वर्ष है। यह मेरा लास्ट अनुरोध है, मैं यह अनुरोध करना चाहती हूं कि तमाम महिलाओं के लिए सिर छिपाने के लिए जगह नहीं है। वे घर से निकाल दी जाती हैं, ससुराल से निकाल दी जाती हैं, इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि आप नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण दिलवाइये। साथ ही साथ जो सरकारी आवास बन रहे हैं, उन्हें उनमें 50 परसेंट आरक्षण मिलना चाहिए। वे भी इस देश की नागरिक हैं और उनकी आबादी भी पचास प्रतिशत है। महिलाएं एक वोट बैंक के रूप में भी विकसित हुई हैं, उनको भी हर सुविधा पाने का अधिकार है, उनको भी आवास में पचास प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए ताकि वे भी छत के नीचे इज्जत के साथ रह सकें और अपने परिवार का पालन कर सकें, देश को अच्छे नागरिक दे सकें। मुझे विश्वास है कि अगली बार महिलाओं के लिए बजट में अलग से प्रावधान वित्त मंत्री जी करेंगे जिससे कि महिलाओं को बुनियादी सुविधायें मिल सकें। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री रघा शंकर कौशिक) : इससे पहले कि मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बुलाऊं, माननीय दास साहब कुछ कहना चाहते हैं, कुछ स्पष्टीकरण उनसे पूछना चाहते हैं।

DR. M.N. DAS (Orissa): Sir, thank you very much. With due apology and full regard and respect, I would like to seek a clarification from the hon. Finance Minister. As a nation, are we going the way of Sant Charvak of ancient times. "यावत जीयेत, सुखम जीवेत, ऋणम् कृतम, घृतम पिवेत।" As a nation, are we taught how to borrow thousands of crores of rupees from abroad and spend in the name of development? Is the Finance Minister aware of the fact that crores of rupees are going down the drain in the form of corruption? Is there any mechanism to prevent this kind of a system? You are spending money. Is the money going to the people really? Even ten per cent of the money may not be going to them. I am speaking from

personal experience. We are fortunate enough to spend money in the name of MPLADS funds. You see how corruption has gone to the grassroots level. You spend money for a novel purpose. An orphanage has to be built. A training centre for the boys has to be built. Have you made a study of the commission that is taken at this stage, that stage, etc.? Finally, you will come to the point of a junior engineer, who might have made everything. So, there should be some mechanism to prevent the corruption.

मिर्जा अब्दुल रशीद (जम्मू और कश्मीर): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं भी दो मिनट बोलना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : आप तो देर से आये हैं। अब आप अपनी बात दो मिनट में कह दीजिए।

†**मिर्जा अब्दुल रशीद:** थैंक्यू डिप्टी चेयरमैन सर। हमारे फाइनेंस मिनिस्टर साहब ने माली मुश्किलात के बावजूद बड़ा अच्छा, बैलेन्स्ड बजट नेशन को दिया है। हम समझते हैं कि यह ग्रोथ ओरियेंटिड बजट है और इससे बहुत सारी मुश्किलात दूर हो सकती हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे सिर्फ दो-तीन मिनट बोलने के लिए समय दिया है इसलिए मैं जल्दी समाप्त कर दूंगा। तीन-चार दिन पहले हमारे आनरेबल प्रधान मंत्री जी ने इसी हाउस में फरमाया कि वे जम्मू-कश्मीर तशरीफ ले जा रहे हैं। हम उनका वेलकम करते हैं, हमें बड़ी खुशी है। लेकिन कश्मीर जाने से पहले मैं अपने फाइनेंस मिनिस्टर साहब की नजर में कुछ गुजारिश करूंगा। जब प्रधान मंत्री जी किसी भी रियासत में जाते हैं तो वहां के मसायल हल होते हैं, प्राब्लम्स हल होती हैं। जब वे जम्मू-कश्मीर में तशरीफ ले जा रहे हैं तो वहां की जो अनगिनत, उलझी हुई मुश्किलें हैं, जिनको हल करने के सिलसिले में हम उनसे गुजारिश करेंगे। राष्ट्रपति जी के एड्रेस में तीन बातें मुख्य कही गई हैं। एक तो क्रास बार्डर टेरेरिज्म को बिल्कुल सील किया जायेगा। इस सिलसिले में वहां पर उनसे सवाल किया जायेगा कि यह क्रास बार्डर टेरेरिज्म जो है यह सील न हुआ है और न हो रहा है। इस वक्त भी वहां से मिलीटेंट बदस्तूर आ रहे हैं, राकेट आ रहे हैं, एम्युनेशन आ रहे हैं, आरडीएक्स आ रहा है, तो इसको कैसे मुकम्मल तौर पर सील किया जायेगा। मैं आपके जरिए से उनसे कहना चाहूंगा कि आने से पहले आप रक्षा मंत्री जी से बात करें जिससे उन्हें इन सवालों का जवाब मिल सकें। दूसरी बात, खासकर इकोनोमी डवलपमेंट के बारे में है। इस सिलसिले में वहां के लोग उनसे सवाल पूछेंगे कि जम्मू कश्मीर में पिछले 15 साल से प्रोक्सी वार चल रही है, दहशतगर्दी चल रही है और जिस कदर वहां तरक्की हुई थी, वह तहस-नहस हो चुकी है। लेकिन वहां कोई स्पेशल इकोनोमी पैकेज नहीं दिया गया है। वहां जो तबाही हुई है, उसका कोई रिहेबिलिटेशन नहीं हो रहा है। क्योंकि जितने पुल थे, जितनी इमारतें थीं और जितने स्कूल थे, वे सब मिलिटेंट्स ने तबाह किए हैं तो नार्मल बजट से ये चीजें दुबारा रिहेबिलिटेड होने वाली नहीं हैं। तीसरी बात, जो मैं इनसे गुजारिश करना चाहूंगा कि नार्मल बजट में पिछले साल फाइनेंस मिनिस्टर साहब ने और हमारी सरकार ने 2500 करोड़ रुपए का बजट मांगा था। इन्होंने तसलीम किया, लेकिन 1600 करोड़ रुपए ही दे पाए। इस साल

† Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the debate.

2600 करोड़ का मांग रखी है लेकिन तो ये सिर्फ शायद 2200 करोड़ तक ही दे रहे हैं। इसके अलावा जम्मू कश्मीर की सरकार में इस वक्त 3200 करोड़ रुपया सालाना सिर्फ वहां के मुलाजिमों की तनख्वाह हैं और 1100 करोड़ रुपए की सालाना बिजली खरीद करके, सरकार अवाम को दे रही है। जो पिछला इन्टरेस्ट है, उस पर भी 600 करोड़ रुपया सूद काटा जाता है, तो आप खुद ही यह फैसला करें कि वहां तामीर और तरक्की के लिए बाकी क्या बचता है। इस वक्त जम्मू कश्मीर के हर जिले में कम से कम दो-दो हजार ऐसे बेगुनाह लोग हैं जिनको मिलिटेन्टस ने हलाक किया, वहां की सरकार ने उनके बच्चों को कम से कम एक फोर्थ क्लास नौकरी देने का वायदा किया है। चूंकि उनके पास पैसा नहीं है, लिहाजा दो-दो हजार केसेज एक-एक डिस्ट्रिक्ट में पड़े हुए हैं। उनका कोई सहारा नहीं है और न ही वे गवर्नमेंट के कमिटमेंट को पूरा कर सकते हैं। यहां तक कि वे एक्सग्रेसिया ग्रांट भी नहीं दे सकते हैं। इन हालात के पेशेनजर मैं इनसे गुजारिश करूंगा कि जब तक आप स्पेशल इकोनोमिक पैकेज वहां नहीं देंगे, जितना भी वहां तहस-नहस हुआ है, वह कभी भी रिहेबिलिटेड नहीं हो सकता है। हम इनसे गुजारिश करेंगे कि प्राइम मिनिस्टर जी वहां जा रहे हैं, उनके वहां जाने से पहले कम से कम, जैसे नार्थ ईस्टर्न स्टेट और पंजाब स्टेट के लिए दिया है, नार्थ ईस्टर्न स्टेट के लिए दस हजार करोड़ से ज्यादा और पंजाब को आठ हजार करोड़ का स्पेशल पैकेज दिया है, बड़ी अच्छी बात है, इसी तरह कश्मीर की तबाही को रिहेबिलिटेड करने के लिए कम से कम दस हजार करोड़ रुपए का स्पेशल इकोनोमिक पैकेज दिया जाए। इसके अलावा यहां पर नेशनल हाईवे के लिए पैसा मांगा गया है और रेलवे के लिए पैसा मांगा गया है, टूरिस्ट इंडस्ट्री के 6 सर्किट को इन्टरनेशनल लेवल पर डेवलप करने के लिए या ग्रेडेशन आफ इन्टरनेशनल लेवल श्रीनगर एयरपोर्ट के लिए मांगा गया है, मैं इनसे गुजारिश करूंगा कि जहां तक रेलवे का ताल्लुक है इसके लिए जब तक स्पेशल नेशनल बजट नहीं बनेगा, उधमपुर से श्रीनगर तक रेल कभी नहीं बन सकती है। इसलिए हम गुजारिश करेंगे, प्राइम मिनिस्टर साहब से यह भी सवाल वहां होगा, वहां जाने से पहले वे इसके लिए कोई फैसला करके आएं। साथ ही नेशनल हाईवे के सिलसिले में कन्याकुमारी से कश्मीर और कश्मीर से कन्याकुमारी तक जोड़ने के लिए सड़क शुरू की गई है, अगर कन्या-कुमारी से शुरू की गई है तो हम कहेंगे कि 'एट दि सेम टाइम साइमलटेनियसली' इसको कश्मीर से भी स्टर्ट करना चाहिए, ताकि एक सिग्नल जाए। साथ ही श्रीनगर इन्टरनेशनल एयरपोर्ट को भी अपग्रेड करने की कोशिश की जाए। दो दफा यह प्लान में आया है और दोनों दफा इसको छोड़ा गया है। मैं खासकर एक ही प्वाइंट पर स्ट्रैस दूंगा कि जब तक जम्मू कश्मीर को स्पेशल इकनोमिक पैकेज नहीं दिया जाएगा तब तक कुछ नहीं हो सकता है। हां, एक बात जरूर है कि आज से चार दिन पहले प्राइम मिनिस्टर साहब ने इसी हाउस में फरमाया था कि वे वहां तशरीफ ले जा रहे हैं और उन्होंने जो सैपरेटेस्ट ग्रुप्स हैं उनको आफर किया था कि वे चुनाव में आएं। आपने सुना लिया और देखा लिया और मीडिया में भी आया है कि जो वहां पर सैपरेटेस्ट ग्रुप्स हैं, जिनको जेहादी प्रोजेहादी कहते हैं। उनके आका पाकिस्तान में बैठे हुए हैं, उन्होंने इन्कार किया है और बाकायदा 15तनजमों रेजोल्यूशन पास किया है कि कोई भी सैपरेटैस्ट ग्रुप चुनाव में हिस्सा नहीं लेगा। इसके बावजूद हम यह कहेंगे कि नेशनल कांफ्रेंस पिछले 60-70 साल से देश का साथ दे रही है, देश के लिए कुर्बानियां दे रही हैं। अभी भी इसने जम्हूरी तौर पर पार्लियामेंट के इलैक्शन करवाए हैं, एसेम्बली के इलैक्शन करवाएं हैं और पंचायत के इलैक्शन भी करवाए हैं, इसलिए इस पार्टी को कमजोर न किया जाए। अगर यह पोलिटिकल पार्टी कमजोर हो गई, फारूख अब्दुल्ला जी, जो दिन-रात पाकिस्तान के साथ लड़ते रहते हैं,

स्टेटमेंट देते रहते हैं, जो बाकायदा अमली तौर पर वहां के मिलिटेंट्स के साथ एक किस्म की जंग लड़ रहे हैं, भारत की कश्मीर में जंग लड़ रहे हैं अगर एक दफा ये कमजोर हो गए तो उस सूरत में मुल्क को बड़ा नुकसान होगा। हम उनसे यही गुजारिश करेंगे कि वह पोलिटिकल पार्टी, जो कंदेन्सनली देश के साथ है, आज से नहीं बल्कि आजादी से बहुत पहले से है, ऐसी पार्टी को डीमोरेलाइज नहीं करना चाहिए। जो एंटी इंडिया फोर्सेस हैं उन पर हमें इतना भरोसा नहीं करना चाहिए। हां, उनसे बात जरूर की जाए। हम चाहते हैं कि वे इलेक्शन में आएं, चुनाव लड़ें, कांस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया के तहत चुनाव लड़कर वे पावर में भी आ सकते हैं। अगर वे खिदमत करना चाहते हैं तो किसी को ऐतराज नहीं है। लेकिन हम यह फिर से आपको याद दिलाना चाहते हैं कि उनके आका, उनके बालक पाकिस्तान में बैठे हुए हैं। जब बात इनसे होती है तो इंकार और इकरार वे करते हैं। इसलिए इस चीज को भी मद्देनजर रखना चाहिए। मैं फिर से फाइनेंस मिनिस्टर साहब से यह गुजारिश करूंगा कि प्राइम मिनिस्टर और उनके साथ जो दूसरे मंत्री साहिबान आ रहे हैं उनके आने से पहले कम से कम एक तोहफा जम्मू-कश्मीर की रियासत के लिए ले आइए। वह तोहफा है स्पेशल इकोनॉमिक पैकेज। जब तक यह नहीं होगा तब तक वहां पर कोई भी रीहैब्लीटेशन नहीं होगा। मैं इतना कहते हुए इनके बजट की ताईद करता हूं। थैंक यू।

श्री यशवन्त सिन्हा : उपसभाध्यक्ष जी, प्रारंभ में ही धर्मसंकट का एक बड़ा प्रश्न मेरे सामने खड़ा हो गया है। इस चर्चा में अनेक सदस्यों ने भाग लिया है। प्रणब बाबू से यह चर्चा शुरू हुई थी और कई वक्ताओं के माध्यम से चलते-चलते यहां तक पहुंची है। जैसाकि आपने आरंभ में कहा कि आज के दिन सदन की मानसिकता विदाई की है, सभी लोग फेयरवेल मूड में है। शायद इसीलिए यह सहमति बनी, कान्सेन्सस बना कि बिना बहुत ज्यादा चर्चा के हम इसे पास कर दें। लेकिन फिर भी हम लोगों ने इसमें डेढ़-पौने दो घंटे का समय ले लिया है। अगर मैं विस्तार से सारी बातें नहीं रखता तो मुझे लगता है कि मैं प्रणब बाबू, श्री कपिल सिब्बल, जो वरिष्ठ सदस्य हैं, हमारे यहां से श्री नरेन्द्र मोहन जी बोले थे और अन्य सदस्यों ने भी भाषण दिए, शायद मैं उनके साथ इंसाफ नहीं करूंगा। लेकिन अगर मैं इंसाफ करने लगूं और भाषण दे दूं तो शायद मैं उस सहमति के साथ इंसाफ नहीं करूंगा। उपसभाध्यक्ष जी, अगर आपकी अनुमति हो तो मैं बहुत ही संक्षेप में, लगभग तीन-चार मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा।

मैं आरंभ में ही कहना चाहता हूं कि सत्र का जो अगला भाग आएगा उसमें हम लोग फाइनेंस बिल पर चर्चा करेंगे। मैं आशा करता हूं कि तब तक सदन में कम से कम एक तिहाई नया ब्लड आ चुका होगा, सदन उत्साह में होगा, सदन शायद विस्तार से फाइनेंस बिल पर चर्चा करेगा। यहां टैक्स से संबंधित जो मामले उठाए गए हैं, आज यहां फॉली नरीमन साहब नहीं हैं, उन्होंने उस दिन यह बिन्दु उठाया था, कई महत्वपूर्ण बिन्दु टैक्स के बारे में माननीय सदस्यों द्वारा उठाए गए हैं। मैं विस्तार से टैक्स के बारे में जितनी बातें हैं, जहां हमने एक ओर सुझावों को ग्रहण किया है वहीं दूसरी ओर विस्तार से उस पर भी चर्चा भी करेंगे। मैं उस समय अपनी बात रखूंगा। जहां तक अन्य प्रश्नों का संबंध है, मैं आभारी हूं प्रणब बाबू का कि उन्होंने न केवल फाइनेंस मिनिस्टर्स की मोटैलिटी के बारे में चर्चा की बल्कि इस बात के लिए मुझे बधाई भी दी कि मैं यह पांचवां बजट प्रस्तुत कर रहा हूं। प्रणब बाबू इस बात को जानते हैं क्योंकि वे इस कुर्सी पर बैठ चुके हैं कि "The life of a Finance Minister is always nasty and brutish. It can also be very short."

इसलिए ठीक है कि क्योंकि बचते-बचाते हम यहां तक पहुंचे जहां मुझे पांचवां बजट पेश करने का मौका मिला। उपसभाध्यक्ष जी, हर वित्त मंत्री जब बजट बनाता है तो वह एक-एक रुपये को लिटरली जोड़ने का प्रयास करता है। लेकिन अचानक यह कह दिया जाता है कि इसमें तो सिर्फ 500 करोड़ रुपये का सवाल है, इसमें तो सिर्फ 40 करोड़ रुपये का सवाल है तो कहने वाले लोगों के लिए शायद यह आसान या एक हल्की राशि होगी लेकिन मुझे लगता है कि वित्त मंत्री के लिए हर राशि एक बड़ी राशि होती है। वित्त मंत्री को उसकी चिंता करनी पड़ती है। मैं एक ही आंकड़ा जो इस साल के बजट के लिए मैंने रखा है, सदन के सामने रखना चाहता हूं। the interest burden is Rs.1,17,319 crores. This is the amount that we shall be paying by way of interest on our borrowings. This amount, Mr. Vice-Chairman, was only Rs.17,757 crores, or around Rs.18,000 crores, in 1989-90. Now, if this one lakh crores of rupees had been available to us as resource, then, just imagine how much more we could have done. So, it is the interest burden that is killing, and Pranabbabu was absolutely right in drawing our attention to the fact that we need a domestic savings rate, or investment rate, of 30-32 per cent in order to be able to achieve the growth rate of 8 per cent, to which Kapil Sibalji also had made a reference. The only point that I would like to make here is that domestic savings consist of three elements -- household savings, private sector savings and public sector savings. As far as household savings are concerned, it is a matter of some satisfaction that household savings have been consistently going up, and at 20.9 per cent for the year 2000-2001, the latest years for which we have the figures, it is one of the highest that this country had achieved. Even the rate of savings that we have in the private sector, is over 4 per cent; it is 4.2 per cent. So, together, these two account for over 25 per cent, which is the highest rate of domestic savings that we have achieved. But where are we going wrong? We are going wrong as far as public sector savings is concerned, which is minus 1.7 per cent. You will notice from the figures that are published in the Economic Survey, Mr. Vice-Chairman, that while we went into negative territory, as far as Government expenditure is concerned, from sometime in the middle of the 80's, it is the impact of the Fifth Pay Commission that has caused a tremendous increase in public sector dissaving. So, I think, while we will keep on promoting household savings and private sector savings, the most important challenge that we face today is to eliminate this public sector dissaving and turn it into savings, into a contributor to national resources, as was the case in the past. It is with this end in view that I have tried, in this Budget -- and earned unpopularity across the board -- to make both ends meet, and, Mr. Vice-Chairman, I came to the conclusion that this was not a year in which one could have sought any popularity.

The most important challenge that we face is on the fiscal front, and it is the fiscal deficit, specially the revenue deficit, that we have to get the better of. This is the approach in the Budget. I can be criticised; I can be found fault with, that in certain areas, the allocations may not be what we would have expected. But, at least, I have the satisfaction that despite the problems that we face on the fiscal front, I have been able to provide almost a 20 per cent increase in the Plan allocation, which is the highest in the last ten years, and this has been done deliberately, because this was not a year, we realised, in which Government expenditure, especially Plan expenditure, had to be compressed. So, that is the general approach of the Budget. We have put emphasis on agriculture. We have put emphasis on infrastructure. We have put emphasis on the industrial sector, and especially those sectors of industry that were in crying need of attention. That is the broad picture of the Budget. I do not want to take any more time of the House on describing, or referring to the, other points which have been made. But I will just respond very quickly to the point which Mr. Faleiro made today about Goa. We have not received any intimation from the Governor or the Government of Goa, and, therefore, our jurisdiction does not exist.

At this point of time, it is not within my jurisdiction to worry about the finances of Goa. The Goa Government has to worry about it. If they feel there is a need for them to come back to us, I am sure, they will come back.

Sir, Shrimati Sarla Maheshwari raised the issue of the welfare of women and allocations for them. I would only like to say that this year -- it is not true -- I did receive a delegation of women before the Budget. They came and represented to me. A point has been made that there should be a gender audit of the Budget. This is something which I would like the House to apply its mind to, how do we carry out the gender audit of the Budget? But, I would like to just tell you that the number of self-help groups, which is predominant, consisting of women self-help groups, that is the most heartening development in our economy. You talked about the Gramin Bank of Bangladesh. The programme of micro credit that we run in India is today, Sir, the largest micro credit programme in the world; and we are trying to help women. I have put a target of one lakh. (*Interruptions*) That is what I am coming to. We had put a target of one lakh self-help groups this year. We had achieved 90,000 of this, by the 31st of December; and we will exceed this target. In fact, 40,00,000 self-help groups have been constituted sofar. The amount of money which has been disbursed so far, in

the current year, is Rs.174 crores. As I said, 85 to 90 per cent of these groups are women groups. As I represent one of the most backward parts of this country in the Lok Sabha; and I work very closely with some of the NGOs, in my constituency, in constituting this. Really, I am telling you that this is a movement which is catching up, and this is where I see a great deal...

श्रीमती सरोज दुबे : इसमें उत्तर भारत में क्या कम पैसा आवंटित किया गया है?

श्री यशवंत सिन्हा : नहीं, उत्तर भारत में नहीं। उसमें सरोज जी, ऐसा है कि दक्षिण भारत में निश्चित रूप से यह आंदोलन ज्यादा तेज है। आप आन्ध्र प्रदेश में जाइए तो शायद एक लाख से ऊपर ...(व्यवधान)... वहां हैं। लेकिन हम सबको मिलकर इसमें एनजीओज के माध्यम से काम करना चाहिए ताकि यह हो सके ...(व्यवधान)... और जो इसमें बातें आई हैं उनका उत्तर देने का ...(व्यवधान)...

श्रीमती सरला माहेश्वरी : पोस्टल चार्जेज की बात?

श्री यशवंत सिन्हा : नहीं, पोस्टल चार्जेज की बात मैं फाइनेंस बिल के साथ करूंगा क्योंकि जैसा मैंने आपसे कहा कि जितने रेवेन्यू ...(व्यवधान)... की बात है, उस समय चर्चा करने का हमें मौका मिलेगा।

SHRI KAPIL SIBAL: Mr. Vice-Chairman, Sir, it would be very rude of us while the Finance Minister is responding, for us not to be here. But unfortunately, we have a meeting at 5.30 p.m. I apologise to the Finance Minister that we have to go for our meeting, but he should not...

SHRI YASHWANT SINHA: I was about to finish. I have finished now. So, you are most welcome to seek leave of the House. Sir, with these words, I commend the Budget to the House.

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : प्रस्ताव यह है -

"कि वित्तीय वर्ष 2002-2003 के एक भाग की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय राशियां निकालने का उपबंध करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 2 से 4 और अनुसूची विधेयक का अंग बने।

क्लाज 1, अधिनियमन सूत्र तथा शीर्षक विधेयक के अंग बने।

SHRI YASHWANT SINHA: Sir, I beg to move:

That the Bill be returned.

प्रस्ताव पर मत लिया गया और पारित हुआ।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : प्रस्ताव यह है :

"कि वित्तीय वर्ष 2001-2002 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय और राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अब हम क्लाज-वार विचार करते हैं।

क्लाज 2, 3 तथा अनुसूची विधेयक के अंग बने।

क्लाज 1, अधिनियमन सूत्र तथा शीर्षक विधेयक के अंग बने।

SHRI YASHWANT SINHA: Sir, I beg to move:

That the Bill be returned.

प्रस्ताव पर मत लिया गया और पारित हुआ।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : प्रस्ताव यह है :

कि 31 मार्च, 1999 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान कतिपय सेवाओं के लिए अनुदत्त रकमों से अधिक जितनी रकमें उक्त वर्ष के लिए उन सेवाओं पर व्यय की गई थीं, उनकी पूर्ति के लिए भारत की संचित निधि में से धनराशियों का विनियोग प्राधिकृत करने का उपबंध करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।

प्रस्ताव पारित हुआ।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अब हम क्लाज़ वार विचार करते हैं।

क्लाज़ 2 से 4 तथा अनुसूची विधेयक के अंग बने।

क्लाज़ 1, अधिनियमन सूत्र तथा शीर्षक विधेयक के अंग बने।

SHRI YASHWANT SINHA: Sir, I beg to move:

That the Bill be returned.

प्रस्ताव पर मत लिया गया और पारित हुआ।

THE UTTAR PRADESH APPROPRIATION (VOTE ON ACCOUNT) BILL, 2002

&

THE UTTAR PRADESH APPROPRIATION BILL, 2002

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI YASHWANT SINHA): Sir, I move: